खेलो एमपी यूथ गेम्स - 2023 में इंदौर बना ओवरऑल चैंपियन

चर्चा में क्यों?

5 अक्तूबर, 2023 को मध्य प्रदेश में टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में पहले खेलो एमपी यूथ गेम्स-2023 का समापन हुआ, जिसमें इंदौर ज़िले ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्राप्त की।

प्रमुख बिंदु

- इंदौर 42 स्वर्ण, 32 रजत और 24 काँस्य सहित कुल 98 पदक लेकर पहले स्थान पर रहा। जबलपुर 24 स्वर्ण, 27 रजत और 35 काँस्य पदक, कुल 86 पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। भोपाल ने 24 स्वर्ण, 27 रजत और 35 काँस्य पदक लेकर कुल 77 पदक के साथ तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। उज्जैन 9 स्वर्ण, 13 रजत और 17 काँस्य पदक सहित कुल 39 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा।
- खेलो एमपी यूथ गेम्स में दलीय एवं व्यक्तिगत खेल के खिलाड़ियों को प्रथम पुरस्कार 31 हज़ार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 21 हज़ार रुपए, तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों को 11 हज़ार रुपए से पुरस्कृत किया गया। एमपी यूथ गेम्स में कुल 2 करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में वितरित की गई।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में पहली बार हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स की सफलता के बाद घोषणा की थी कि 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' की तर्ज पर मध्य प्रदेश में 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' का आयोजन भी किया जाएगा। इस कड़ी में 12 से 28 सितम्बर तक प्रदेश में विभिन्न चरणों में खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।
- खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन प्रदेश के सभी 52 ज़िलों के 313 विकासखंडों में किया गया।
- यूथ गेम्स 4 चरणों, ब्लॉक, ज़िला, संभाग एवं राज्य-स्तर पर किया गया। ब्लॉक-स्तरीय चयन स्पर्धा 12 से 14 सितंबर, ज़िला-स्तरीय प्रतियोगिता 16 से 18 सितंबर, संभाग-स्तरीय 20 से 23 सितंबर तथा राज्य-स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 1 से 5 अक्तूबर तक किया गया।
- राज्य-स्तर पर प्रदेश के 8 संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर, उज्जैन एवं शहडोल की टीमों ने सहभागिता की।
- 24 खेलों में राज्य-स्तरीय प्रतियोगिताएँ प्रदेश के 7 शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, शिवपुरी, उज्जैन, रीवा एवं जबलपुर में हुईं।
- ज़िला एवं संभाग स्तर पर प्रदेश में प्रचलित 18 खेल एथलेटिक्स, बॉस्केट-बॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखंब, तैराकी, वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, टेबिल-टेनिस, योगासन, व्हॉलीबॉल, टेनिस और शतरंज का आयोजन किया गया।
- राज्य-स्तर पर 6 खेल ताइक्वांडो, फैंसिंग, रोइंग, क्याकिंग-कनोइंग, शूटिंग एवं आर्चरी जैसे खेलों का आयोजन किया गया।
- राज्य-स्तर पर एथलेटिक्स, शूटिंग प्रतियोगिताएँ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स शिवपुरी में हुईं। भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में बॉक्सिंग, ताक्वांडो, जूडो, फैंसिंग, टेनिस, फुटबॉल, व्हॉलीबॉल, कुश्ती, शतरंज प्रतियोगिताएँ खेली गईं।
- भोपाल की बड़ी झील में कयाकिंग-केनोइंग और रोइंग तथा प्रकाश तरण पुष्कर में तैराकी प्रतियोगिता, इंदौर के बॉस्केट-बॉल कॉम्प्लेक्स में बॉस्केट-बॉल और वेट-लफि्टिंग प्रतियोगिताएँ तथा एमरॉल्ड हाइट्स स्कूल में टेबल-टेनिस के मुकाबले हुए।
- ग्वालियर में मध्य प्रदेश बैडमिंटन अकादमी बेडमिंटन और मध्य प्रदेश महिला हॉकी अकादमी कम्पू ग्वालियर में हॉकी की प्रतियोगिताएँ, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स उज्जैन में मलखंब और योगासन, जबलपुर के रानीताल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में खो-खो एवं तीरंदाजी तथा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स रीवा में कबड्डी के शानदार मुकाबले खेले गए।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/khelo-mp-youth-games-indore-becomes-overall-champion-in-2023